# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

पंचम् झारखण्ड विधान सभा

संख्या-04

पंचम् (बजट) सत्र

बुधवार, दिनांक-03, मार्च, 2021 ई०।

**समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 01.17 बजे अप० तक।**

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रश्नकाल पुकारा गया, परन्तु भारतीय जनता पार्टी के सभी माननीय सदस्य स्लोगनयुक्त गेरूआ अंगवस्त्र पहनकर नारेबाजी करने लगे जिसपर माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए आसन से अनुरोध किया कि इस प्रकार के वस्त्र धारण कर सदन मे आना, संसदीय परम्परा के विरूद्ध है, अतएव पहले उन्हें स्लोगनयुक्त गेरूआ अंगवस्त्र का परित्याग किये जाने हेतु निदेश दिया जाय। इस क्रम मे सत्तापक्ष के अधिकांशत: माननीय सदस्य विरोधस्वरुप वेल मे आ गये। इसके उपरांत भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्य शनै:-शनै: सदन की वेल मे आकर नारेबाजी करने लगे और Whistle भी बजाने लगे जिसपर आसन द्वारा गहरी नाराजगी व्यक्त की गयी। उन्होंने माननीय सभी सचेतकों से अनुरोध किया कि वे अपने-अपने माननीय सदस्यों को निर्धारित स्थान पर बैठायें, परन्तु अव्यवस्था का माहौल यथावत् कायम रहा जिसे देखते हुए सदन की कार्यवाही 11.14 बजे पूर्वा० से लेकर 12.00 बजे मध्या० तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

(स्थगनोपरांत)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

इस अवसर पर माननीय सदस्या, श्रीमती नीरा यादव ने आसन का ध्यानाकृष्ट करते हुए सूचित किया कि कोडरमा के उपायुक्त एवं आरक्षी अधीक्षक द्वारा हाउस गार्ड सहित उनकी सुरक्षा को हटाया जा रहा है, उन्हें आज भी दूरभाष से इस आशय की सूचना दी गयी है जिसे आसन द्वारा संज्ञान मे लिया गया। माननीय सदस्य, श्री अमित कुमार यादव द्वारा उनके विधान सभा क्षेत्र मे हाथियों द्वारा कई व्यक्तियों के मारे जाने सम्बन्धी सूचना आसन को पुन: दी गयी।

### 1.शून्यकाल की सूचनायें:-

आज दिनांक-03.03.2021 के लिए प्राप्त कुल-27 शून्यकाल की सूचनाओं को पढ़ा हुआ मानते हुए उन्हें सम्बन्धित विभागों मे लिखित उत्तर हेतु भेजे जाने के निमित्त आसन से घोषणा की गयी।

### 2.वित्तीय कार्य:-

आसन से पुकारे जाने पर माननीय प्रभारी मंत्री(वित्त), श्री रामेश्वर उराँव द्वारा वित्तीय वर्ष-2021-22 के आय-व्ययक का उपस्थापन सदन पटल पर किया गया तत्पश्चात् माननीय मंत्री ने इसपर अपना वक्तव्य प्रारम्भ किया।

(इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा वेल में आकर नारेबाजी की जाने लगी और फिर वे धरने पर बैठ गये जिसपर आसन द्वारा गहरी नाराजगी व्यक्त की गयी। इसके विरोधस्वरूप सत्तापक्ष के भी कई माननीय सदस्य वेल में आ गये।)

## 3.<u>आसन से नियमन</u>:-

भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा सदन में नारेबाजी किये जाने के क्रम में माननीय सदस्य, श्री इन्द्रजीत महतो द्वारा **Whistle** बजाया जाने लगा जिसपर आसन द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी और उन्हें आज की कार्यवाही पर्यन्त सदन से निष्कासित किये जाने हेतु निदेश दिया गया तत्पश्चात् मार्शल द्वारा उन्हें सदन से बाहर ले जाया गया।

## 4.<u>वित्तीय कार्य(क्रमांक-2 से जारी)</u>:-

आसन से पुकारे जाने पर माननीय प्रभारी मंत्री ने सर्वप्रथम राज्य के उन सपूतों को नमन किया जिन्होंने राज्य के सम्मान एवं आर्थिक और सामाजिक अधिकारों की रक्षा के लिए कुर्बानियाँ दी है जिनमें बिरसा-मुण्डा, सिद्धो-कान्हु, चाँद-भैरव, वीर बुधू भगत, नीलाम्बर-पीताम्बर, तेलंगा खड़िया, जतरा टाना भगत, पांडे गणपत राय, तिलका माँझी और शेख भिखारी प्रमुख है। माननीय अध्यक्ष महोदय को संबोधित करते हुए माननीय मंत्री ने निम्न पंक्तियाँ उद्धृत की-

"माना कि डगर कठिन है,  
पग-पग पर बाधायें है।  
आगे बढ़ने से रोक रही,  
महामारी सरीखी ज्वालायें है।  
पर रोक न सकेंगे ये कदम हमारा,  
हम उन्नति के अभिलाषी है।"

इसके बाद उक्त बजट मे प्रावधानित अंके-91,277/- करोड़ रुपये के तहत राजस्व व्यय एवं पूँजीगत व्यय का उल्लेख करते हुए कृषि, समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना, किसान समृद्धि योजना, शहरी क्षेत्रों में उद्यानिकी फसलों की खेती, चेम्बर ऑफ फार्मर, पोस्ट हार्वेस्टर प्रिजर्वेशन, आधारभूत संरचना का विकास, झारखण्ड राज्य फसल राहत योजना, पशुपालन, मछली उत्पादन, सहकारिता, सिंचाई, ग्रामीण विकास, जोहार परियोजना, फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान, बिरसा हरित ग्राम योजना, नीलाम्बर-पीताम्बर जल समृद्धि योजना, बाबा साहब भीमराव अम्बेदकर आवास योजना, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति, पेयजल एवं स्वच्छता, शहरी विकास, अमृत योजना, नमामि गंगे योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्मार्ट सिटी योजना, कल्याण, शहीद ग्राम विकास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, झारखण्ड आदिवासी सशक्तिकरण एवं आजीविका योजना, शिक्षा, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास के तहत विभिन्न योजनायें, परिवहन, ऊर्जा, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन, विधि व्यवस्था, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस, पर्यटन, खेलकूद, कला एवं संस्कृति आदि में खर्च होनेवाले राजस्व का विस्तार से उल्लेख किया गया और अन्त में निम्न पंक्तियों के साथ अपने वक्तव्य को विराम दिया गया-

फिजाओं को बदल देंगे हम,  
अपने अनवरत प्रयासों से।  
छँटने लगी है विघ्न बाधायें,  
अब न कहीं उदासी है।  
चन्द्रोदय तो हो चुका है,  
अब आनेवाली पूरनमासी है।

तदुपरांत माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा माननीय सदस्यों को संसूचित किया गया कि विधान सभा परिसर स्थित उत्तरी लॉबी मे दिन के भोजन की व्यवस्था की गयी है जिसमे वे सादर आमंत्रित है तत्पश्चात् सभा की कार्यवाही गुरुवार, दिनांक-04.03.2020 को 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

महेन्द्र प्रसाद,<br>
सचिव,<br>
झारखण्ड विधान सभा।

राँची,<br>
दिनांक- 03मार्च, 2020ई०।